**अखिल भारतीय सेवाएं (राजस्थान) पेंशनर्स एसोसियेशन, जयपुर**

**कक्ष संख्या 02, पटेल भवन, हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (ओटीएस)**

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 302 017 ई–मेल :** aisrajpen@gmail.com

दिनांक :- 08.02.2021

# कार्यवाही विवरण

अखिल भारतीय सेवाएं (राजस्थान) पेंशनर्स एसोसियेशन की नव निर्वाचित कार्यवारिणी की प्रथम बैठक दिनांक 04 फरवरी, 2021 को एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री अरूण कुमार की अध्यक्षता में ऑनलाईन आयोजित की गई है। बैठक में कार्यकारिणी के निम्नांकित निर्वाचित सदस्य एवं विशेष रूप से आमंत्रित अधिकारी उपस्थिति हुए :-

| क्र.सं. | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | श्री अरुण कुमार, आई.ए.एस. (से.नि.) | अध्यक्ष |
| 2. | श्री डी.सी. सामन्त, आई.ए.एस. (से.नि.) | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री ओमेन्द्र भारद्वाज, आई.पी.एस. (से.नि.) | उपाध्यक्ष |
| 4. | श्री उमेश मोहन सहाय, आई.एफ.एस. (से.नि.) | उपाध्यक्ष |
| 5. | श्री एस.सी. देराश्री, आई.ए.एस. (से.नि.) | कोषाध्यक्ष |
| 6. | श्री राजेन्द्र भाणावत, आई.ए.एस. (से.नि.) | संयुक्त सचिव |
| 7. | श्री शिवलाल जोशी, आई.पी.एस. (से.नि.) | संयुक्त सचिव |
| 8. | श्रीमती मीनाक्षी हूजा, आई.ए.एस. (से.नि.) | सदस्य |
| 9. | श्री राहुल कुमार, आई.एफ.एस. (से.नि.) | सदस्य |
| 10. | श्री श्याम सुन्दर बिस्सा, आई.ए.एस. (से.नि.) | सचिव |

कार्यकारिणी सदस्य श्री ओ. पी. गल्होत्रा, आईपीएस (से.नि.) उपस्थित नहीं हो सके। बैठक में श्री मुन्ना लाल गोयल, आईएएस (से.नि.) एवं श्री राजन माथुर, आईएफएस (से.नि.) को एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष एवं सचिव होने के नाते स्थाई आमंत्रित सदस्यों के रूप में आमंत्रित किया गया। श्री गोयल उपस्थित नहीं हो सके। श्री राजन माथुर उपस्थित हुए।

उक्त के अतिरिक्त श्री इन्द्रजीत खन्ना, आईएएस (से.नि.) श्री बी.एल. शर्मा, आईएएस (से.नि.) श्री एन.एस. सिसोदिया आईएएस (से.नि.) श्री राजेन्द्र शेखर, आईपीएस (से.नि.) श्री अशोक भण्डारी, आईपीएस (से.नि.), श्री सी.बी. शर्मा, आईपीएस (से.नि.), श्री आर.एस. भण्डारी, आईएफएस (से.नि.), श्री बी.सी. संचेती, आईएफएस (से.नि.) को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया किन्तु श्री राजेन्द्र शेखर, श्री अशोक भण्डारी एवं श्री सी.बी. शर्मा बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक प्रारम्भ करने से पूर्व एसोसियेशन के सदस्य श्री जी.एन. हल्दिया, आईएएस (से.नि.) के गत माह निधन होने पर दो मिनट मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

सर्वप्रथम एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री अरूण कुमार ने नव निर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया । उन्होंने पूर्व की कार्यकारिणी के सदस्यों विशेषकर अध्यक्ष श्री एल. सी. गुप्ता (जो हमारे बीच नहीं रहे), सचिव श्री राजन माथुर और कोषाध्यक्ष श्री देराश्री को धन्यवाद दिया, जिस प्रकार एसोसियेशन की गतिविधियों को इन्होंने चलाया, उसी अनुसार नई कार्यकारिणी के सदस्य भी आपस में मिलकर गतिविधियों को आगे चलायेंगे। अपने प्रारम्भिक उद्बोधन में उन्होंने प्रकट किया कि कोविड-19 महामारी के कारण हर वर्ष जनवरी में होने वाला वार्षिक कार्यक्रम आयोजित नहीं हो सका और एसोसियेशन की पुस्तिका सम्पर्क का प्रकाशन भी सम्भव नहीं हो सका। इस क्रम में उन्होंने पूर्व अध्यक्ष श्री एल. सी. गुप्ता को याद करते हुए कहा कि यह कार्य उनके द्वारा सम्पादित किया जाता था। हमें प्रयत्न करना है कि अब इसी माह इसका प्रकाशन हो सके। इस दौरान भी श्री सिसोदिया के प्रयासों से व्याख्यानमाला चलती रही। श्री खन्ना जी के प्रयासों से स्कूलों में टेबलेट्स बांटी जा सकी। अध्यक्ष महोदय ने एसोसियेशन के सदस्यों का आह्वान किया कि वे एसोसियेशन की ओर से राजकीय विद्यालयों के संरचनात्मक एवं शैक्षणिक सुधारात्मक सहयोग हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रम के अन्तर्गत दिए जाने वाले कम्प्यूटर टेबलेट्स के लिये सहयोग राशि प्रदान कर इस कार्यक्रम को आगे बढावें। पूर्व निर्णय के अनुसार सभी सदस्यों से वार्षिक योगदान के लिये भी निवेदन किया जायेगा।

अध्यक्ष महोदय के उद्बोधन के पश्चात् कार्यसूची के अनुसार निम्न प्रकार विमर्श कर निर्णय लिये गये :

## 1. पूर्व बैठक के कार्यवृत्त (मिनिट्स) का अनुमोदन

उपस्थित सदस्यों ने पूर्व बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन करते हुए यह निश्चय किया कि सम्पर्क 2021 के प्रकाशन हेतु एक समिति का गठन किया जाना उचित होगा। अध्यक्ष महोदय एवं सदस्यों के आग्रह पर इसके लिये श्री डी. सी. सामंत ने संयोजक का भार ग्रहण हेतु अपनी सहमति प्रदान की । श्री सामंत के सहयोग हेतु समिति में श्री राजेन्द्र भानावत, श्री राजन माथुर एवं एसोसियेशन के सचिव को सम्मिलित किया गया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी के संयुक्त सचिव श्री शिवलाल जोशी ने भी अपना सहयोग देना प्रस्तावित किया।

## 2. राजकीय विद्यालयों में कम्प्यूटर टेबलेट्स के वितरण पर विचार :-

इस गतिविधि के संयोजक श्री इन्द्रजीत खन्ना ने विस्तार से सम्पूर्ण कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए अब तक की प्रगति को उद्भाषित किया। उन्होंने बताया कि इस कार्य में अब तक एसोसियेशन द्वारा प्रदत्त सहयोग के अतिरिक्त गीता मित्तल फाउण्डेशन, माईक्रो फाईनेन्स एवं पं. बद्री प्रसाद महर्षि चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त सहयोग से 09 विद्यालयों में 279 कम्प्यूटर टेबलेट्स का वितरण हो चुका है। यह सहयोग एसोसियेश्यान द्वारा पूर्व में जिन विद्यालयों को संरचनात्मक, आधारभूत (वस्तु रूप में अलमारी, टेबिल, ब्लैक बोर्ड आदि) सहयोग दिया गया, उन्हीं स्कूलों को दिया गया। उपस्थित सदस्यों ने तीनों संस्थानों के प्रति सर्वसम्मति से आभार व्यक्त किया।

**3. स्कूली बच्चों की मैंटरिंग :-**

इसके लिये संयुक्त सचिव श्री राजेन्द्र भानावत, श्रीमती मीनाक्षी हूजा, एवं सचिव ने प्रस्तावित किया कि वे विभिन्न स्कूलों में जाकर स्कूलों के कुछ बच्चों के हितकारी ज्ञान गुरु (मैंटर) के रूप में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। अन्य सदस्यों ने भी ऐसे सहयोग हेतु अपनी सहमति प्रदान की । श्री इन्द्रजीत खन्ना ने बताया कि निदेशक (शिक्षा विभाग) ने सुझाव दिया है कि एसोसियेशन के सदस्य कुछ तेजस्वी बच्चों को पढाई और कैरियर के लिये मार्गदर्शन दे सकते हैं। इस सुझाव से सब सहमत थे। सब सदस्यों को निवेदन किया जाए कि जो हितकारी ज्ञान गुरु के रूप में सहयोग करने (मैंटरिंग) के इच्छुक हों वे आगे आवें।

**4. कार्यकारिणी में विशिष्ट आमंत्रित सदस्यों का सहवरण :-**

कार्यकारिणी द्वारा निम्नांकित सदस्यों का विशिष्ट रूप से आमंत्रित सदस्य के रूप में सहवरण किया गया :- 1. श्री इन्द्रजीत खन्ना, आईएएस (से.नि.), 2. श्री एन.एस. सिसोदिया, आईएएस (से.नि.), 3. श्री बी. एल. शर्मा, आईएएस (से.नि.), 4. श्री बी. सी. संचेती, आईएफएस (से.नि.), 5. श्री आर. एस भण्डारी, आईएफएस (से.नि.), 6. श्री ए. के. भण्डारी, आईपीएस (से.नि.), 7. श्री राजेन्द्र शेखर, आईपीएस (से.नि.), 8. श्री के.एस. बैंस आईपीएस, (से.नि.), 9. श्री सुधीन्द्र गेमावत, आईएएस (से.नि.), 10. श्री सी. बी. शर्मा, आईपीएस(से.नि.), 11. श्री एल. के. शर्मा, आईएफएस (से.नि.) 12. श्री डी. एन. शर्मा आईएफएस (से.नि.), 13. श्री एस.एस. राजपुरोहित, आईएएस (से.नि.), 14. सुश्री राजेश यादव, आई एएस (से.नि.), 15. सुश्री रेखा गुप्ता आईएएस (से.नि.), 16. डा. सुरेश चन्द्र, आईएफएस (से.नि.) को विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के रूप में सहवरित किया गया। उक्त सहवरित सदस्यों के अतिरिक्त श्री एम. एल. गोयल एवं श्री राजन माथुर क्रमश: पूर्व अध्यक्ष एवं सचिव के रूप में स्थाई रूप से आमंत्रित कार्यकारिणी सदस्य होंगे। भारतीय वन सेवा के अधिकारी डा. सुरेश चन्द्र को संयुक्त सचिव के रूप में शामिल किये जाने हेतु कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष श्री के. एम. सहाय ने प्रस्तावित किया, किन्तु संविधान में दो ही संयुक्त सचिव होने का प्रावधान होने के कारण अध्यक्ष महोदय द्वारा यह उचित समझा गया कि आगामी बैठक में संविधान में परिवर्तन का प्रस्ताव पारित कर श्री सुरेश चन्द्र को संयुक्त सचिव के रूप में अभिहित कर लिया जावेगा।

बैठक में कार्यवृत्त समापन के पश्चात् श्री एन. एस. सिसोदिया ने एसोसियेशन में आयोजित होने वाली आगामी जिज्ञासा भाषण के लिये सबको आमंत्रित किया।

तत्पश्चात् बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

**(श्याम सुन्दर बिस्सा)**
आईएएस (से.नि.)
सचिव